

## ब्रांडेड के नाम पर बेच रहे थे नकली कपड़ा, लाखों का माल जब्त

- पूमा व अंडर आर्मर के नकली लोगो लगाकर कर रहे थे बिक्री
- छावनी क्षेत्र में पुलिस ने की कार्रवाई, दो पर केस दर्ज



नव भारत न्यूज

**इंदौर. छावनी इलाके में पुलिस ने दबिश देकर नामी कंपनियों के लोगो लगाकर बेचे जा रहे नकली कपड़ों का बड़ा जखीरा पकड़ा है. कार्रवाई में करीब 8 लाख रुपए से ज्यादा का माल जब्त किया गया है. पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. इस गोरखधंधे में बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है।**

संयोगितागंज पुलिस ने ताबा बिल्डिंग में संचालित ह्यूमन इंटरप्राइजेज पर छापा मारा. यहां पूमा और अंडर आर्मर जैसी कंपनियों के फर्जी लोगो लगाकर टी-शर्ट, लोअर और जैकेट बेचे जा रहे थे. आरोपियों द्वारा इन कपड़ों को असली बताकर ग्राहकों से मोटी रकम वसूली जा रही थी. कार्रवाई के दौरान पुलिस को बड़ी मात्रा में नकली माल मिला. पूमा ब्रांड के लोगो लगे 1025 टी-शर्ट और लोअर बरामद किए गए, जिनकी कीमत करीब 4.10 लाख रुपए आंकी गई है. इसके अलावा अंडर आर्मर ब्रांड के लोगो लगी 510 जैकेट भी जब्त की गई, जिनकी कीमत लगभग 4.59 लाख रुपए बताई जा रही है.

### उज्जैन और देवास के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

मामले में देवास के सिविल लाइन निवासी गौरव नामदेव और उज्जैन निवासी उमेश उपाध्याय को आरोपी बनाया गया है. दोनों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस के मुताबिक, कंपनी की ओर से अधिकृत लीगल एडवाइजर सुमित शर्मा और मेहुल घोले ने शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई. प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि नकली ब्रांडेड कपड़ों का यह कारोबार बड़े स्तर पर संचालित हो सकता है. फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर सप्लाई चेन और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है.

## कार बेचने के नाम पर 25 लाख की ठगी, आरोपी फरार

इंदौर. संयोगितागंज थाना क्षेत्र में सेकंड हैंड कारों की खरीद-बिक्री के नाम पर 25 लाख 15 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फरियादी को झांसे में लिया और रकम हड़पकर फरार हो गया. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

माणिकबाग रोड स्थित जयश्री सिंडिकेट निवासी तरुण चिनमानी ने फरियादी राजेश जायसवाल से कार बिक्री के नाम पर संपर्क किया था. आरोपी ने वाहनों से जुड़े दस्तावेज दिखाकर भरोसा दिलाया और सौदा तय कर लिया. बाद में पता चला कि दस्तावेज फर्जी थे. तब तक आरोपी लाखों रुपए लेकर गायब हो गया. फरियादी राजेश जायसवाल नवलखा क्षेत्र में इंडियन कार बाजार के नाम से करीब 28 साल से कारोबार कर रहे हैं. उनकी मुलाकात सांघी मोटर्स में कार्यरत सेल्समैन यशवंत के जरिए तरुण से हुई थी. तरुण ने खुद को एक नामी शोरूम से जुड़ा बताते हुए सेकंड हैंड कारों का काम करने की बात कही और धीरे-धीरे विश्वास जीत लिया.

### बैंक लोन वाली गाड़ियां भी बेच दीं आरोपी ने

शिकायत के अनुसार आरोपी ने कई वाहनों के सौदे किए, लेकिन बाद में फर्जी एनओसी तैयार कर ऐसे वाहन बेच दिए, जिन पर बैंक का लोन चल रहा था. दस्तावेजों की जांच में गड़बड़ी सामने आने पर राजेश को ठगी का अहसास हुआ. इसके बाद जब उन्होंने तरुण से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल बंद मिला. कंपनी स्तर पर भी उसकी जानकारी नहीं मिल पाई और परिवार से भी संपर्क नहीं हो सका. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. फिलहाल उसकी तलाश जारी है और मामले की जांच की जा रही है.

## शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

- डीमैट अकाउंट और मुनाफे का झांसा देकर की थी लाखों की ठगी

**इंदौर. अधिक मुनाफे का लालच देकर शेयर मार्केट और डीमैट अकाउंट खुलवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी मनीष पांडे को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को रेसकोर्स रोड स्थित उसके ऑफिस के पास से पकड़ा गया है.**

तुकोगंज पुलिस एडवाइजरी कंपनी के संचालक मनीष पांडे को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है. वह लंबे समय से पुलिस से बच रहा था. इससे पहले पुलिस टीम ने उसकी कंपनी पर दबिश देकर कुछ कर्मचारियों को पकड़ा था. जांच में सामने आया है कि रेसकोर्स रोड पर संचालित इन्फिनिक्स इन्फोटेक नाम की एडवायजरी कंपनी के जरिए शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने और डीमैट अकाउंट खुलवाने के नाम पर युवकों से लाखों रुपए ठगे जा रहे थे. देपालपुर सहित अन्य जिलों के कई युवकों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद अप्रैल में इस मामले में केस दर्ज किया गया था. आरोपी तभी से फरार चल रहा था.

### पूरे नेटवर्क और ठगी के तरीके के बारे में पूछताछ कर रही पुलिस

पुलिस ने जांच के दौरान कंपनी के संचालक मनीष पांडे सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया था. पुलिस द्वारा मनीष से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क और ठगी के तरीके की जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस को यह भी पता चला है कि कंपनी को एडवाइजरी के लिए सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने में विशाल नाम का युवक शामिल है. उसके रोल की भी जांच की जा रही है. इस मामले में पहले भी कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें बाद में जमानत मिल गई थी. बताया जा रहा है कि केस दर्ज होने के बाद भी मनीष पांडे छिपते-छिपाते लेकिन लगातार ऑफिस आ जा रहा था. फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

## मल्टी के छठे माले पर सूने फ्लेट में लगी आग

- चार दिन पहले चारधाम यात्रा पर गया हुआ है परिवार
- सोफा, टीवी, अन्य फर्नीचर व ग्रहस्थी का सामान जला

**इंदौर. महालक्ष्मी नगर स्थित बालाजी हाइट्स मल्टी के छठे माले के एक फ्लैट में आग लग गई. फ्लैट में रखा गृहस्थी का सामान आग में जलकर राख हो गया. समय रहते फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और उसे फैलने से बचाया. आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है.**

आग लगने की घटना रविवार शाम को हुई. लोगों ने छठे माले के एक फ्लैट से धुआं उठता हुआ देखा. कुछ ही देर में आग की लपटें खिड़की से नजर आने लगीं. लोग छठे माले पर पहुंचे तो देखा कि फ्लैट में बाहर से ताला लगा हुआ है. इसके बाद रहवासियों ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया. कुछ देर बाद दमकल मौके पर पहुंची और गेट तोड़कर आग पर काबू पाया. आग के कारण फ्लैट में रखे सोफे, टीवी व अन्य फर्नीचर जल गए. आसपास के लोगों ने फ्लैट मालिक को जानकारी दी. बीते चार दिनों से फ्लैट में रहने वाला परिवार बाहर गया था. यह फ्लैट कुलदीप डामारों का है. वे परिवार सहित चारधाम यात्रा पर गए हैं.



### आसपास के लोग भी नीचे आ गए...

आग लगने के बाद जब फ्लैट से लपटें दिखाई देने लगीं तो आसपास के फ्लैटों में रहने वाले परिवार भी घर से बाहर आ गए. उन्हें इस बात की चिंता हो रही थी कि कहीं आग फैलने के बाद उनके फ्लैट तक न पहुंच जाए, लेकिन फायर ब्रिगेड कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया.

## नशे में हैवान बना पति, पत्नी के प्राइवेट पार्ट में डाला मिर्च पाउडर

- विवाद के बाद जमकर की मारपीट, महिला की हालत गंभीर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. शराब के नशे में धुत पति विवाद के बाद हैवान बन गया और पत्नी के साथ बर्बरता की सारी हदें लांघ दीं. मारपीट के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाल दिया. गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

अस्पताल में भर्ती पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह सिलाई का काम करती है. शनिवार रात उसका पति शराब के नशे में धुत होकर घर आया और शादी से पहले के संबंधों को लेकर उस पर शक करने लगा. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया. आरोप है कि पति ने गाली गलौज करते हुए पानी भरने की नली से महिला की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं. मारपीट के दौरान जब महिला जमीन पर गिर गई तो आरोपी ने और भी क्रूरता दिखाते हुए मिर्च पाउडर लाकर उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया. दर्द से महिला चीखती रही. महिला की आवाज सुनकर उसका बेटा और ननद मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया. वहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है. घटना के बाद पीड़िता के बयान के आधार पर गांधी नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. ऑफ़र 31 मई 2026 तक मान्य है. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई-कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई-कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Annapurna Road,** MANGALAM BAJAJ 7611115001• **Airport Road** MANGALAM BAJAJ 7611113222, • **Bengali Square** MANGALAM BAJAJ 9752522777, • **Sapna Sangeeta Road** SOJATIA BAJAJ 9827808050, **Vijay Nagar** SOJATIA BAJAJ 8357064113 • **LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan** BHAGIRATH BAJAJ **8878860777 Marimata** Bhagirath Bajaj **8871263636 Dewas** MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • **Dhar** RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • **Kukshi Rajpurohit Bajaj 8085549916 • Dhamnod Rajpurohit bajaj 9981133916 Petlawad Rajpurohit Bajaj** 9039750916• **Jhabua** CHHAJED BAJAJ 9098930166 • **Mhow** BIYANI BAJAJ 07440444425, **Rau** BIYANI BAJAJ 8602344425, **Pithampur Biyani Bajaj 7566777725, Ratlam – Central BAJAJ –** 07412-356838 , 9039001891 • **Shujalpur –** Nema BAJAJ **9009151539,7049733995,** 07360-242292 • **Ujjain: Agar Road – Bhagirath Bajaj 8871455990, Dewas Road –** Mainashree Bajaj 9893625022.